हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 18 नवम्बर, 2026/27, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 37

जल/वायु प्रदूषण

***4844 श्री कुलदीप सिंह राठौर (ठियोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पराला (ठियोग) स्थित एच0पी0एम0सी0 के फल प्रसंस्करण संयंत्र से उत्सर्जित होने वाले अपशिष्ट जल तथा इस संयंत्र से निकलने वाले धुएं एवं अन्य उत्सर्जन के कारण आस-पास के क्षेत्रों में जल प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही है; यदि हां, तो इसका स्थानीय निवासियों एवं पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है;

(ख) क्या सरकार अथवा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उक्त संयंत्र का निरीक्षण किया गया है; यदि हां, तो निरीक्षण के दौरान क्या कमियां पाई गईं तथा अब तक क्या-क्या दंडात्मक/सुधारात्मक कार्रवाई की गई;

(ग) क्या सरकार द्वारा संयंत्र में अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक उपचार हेतु स्थापित ETP (Effluent Treatment Plant) एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली की कार्यप्रणाली एवं प्रभावकारिता की कोई तकनीकी जांच या ऑडिट करवाया गया है; यदि हां, तो परिणामों का ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार इस संयंत्र से होने वाले प्रदूषण की स्थायी रोकथाम हेतु कोई ठोस व समयबद्ध पग उठाने तथा पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों एवं प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

स्वास्थ्य सेवाएं

***4845 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में भरमौर एवं पांगी उप-मंडलों के तहत समस्त स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के स्वीकृत, कार्यरत तथा रिक्त पदों की संस्थानवार संख्या कितनी-कितनी है; और

(ख) भरमौर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा नियमित रूप से कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी; ब्यौरा दें?

हिमकैड(HIMCAD) योजना

***4846 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक ज़िला ऊना में हिमकैड(HIMCAD) योजना के तहत कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; कितनी धनराशि जारी व व्यय हुई; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक उपरोक्त योजना के तहत कितनी देनदारियां लंबित हैं तथा लंबित कार्यों को पूर्ण करने हेतु शेष धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

पेयजल योजना

***4847 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत न्यू डवलपमेंट बैंक (एन0डी0बी0) के माध्यम से लगभग 137 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है; यदि हां, तो इस योजना के निर्माण कार्य को पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक इस पेयजल योजना का कितना प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा योजना के शेष कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

एच0पी0एस0ई0बी0एल0 मण्डल

***4848 कैप्टन रणजीत सिंह (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार सुजानपुर में एच0पी0एस0ई0बी0एल0 का नया मण्डल खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

बासा कॉलेज

***4849 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत डिग्री कॉलेज बासा में शिक्षकों एवं गैर-शिक्षकों के कितने-कितने पद सृजित व रिक्त हैं; ब्यौरा पदवार दें; सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

परौर-पद्धर फोरलेन

***4850 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि परौर से पद्धर तक फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य कब तक आरंभ होगा तथा इसके निर्माण हेतु एन0एच0ए0आई0 द्वारा क्या-क्या कार्य किए गए; ब्यौरा दें?

बस रूट

***4851 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जोगिन्द्रनगर बस डिपो द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने हेतु कितनी सड़कों पर बस संचालन के ट्रायल किए गए तथा इनमें से कितने नए ग्रामीण रूटों पर बसों का नियमित संचालन शुरू किया गया; रूटवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में उपरोक्त डिपो को कितनी नई इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाई गईं तथा वर्तमान में कितनी इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं; और

(ग) दिनांक 01.11.2026 तक एच0आर0टी0सी0 वर्कशॉप जोगिन्द्रनगर के निर्माण कार्य

पर कुल कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; कार्य की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति का अद्यतन ब्यौरा दें तथा यह निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

लम्बित मामले

***4852 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक रोहडू व डोडरा-क्वार उप-मण्डल में प्राकृतिक आपदा के तहत मुआवजे के कितने मामले लम्बित हैं; इन लम्बित मामलों हेतु कुल कितनी धनराशि की आवश्यकता है; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते एवं देय राशि सहित दें?

रिक्त पद

***4853 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; विषयवार रिक्तियों का ब्यौरा दें; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक जिला चम्बा के सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; विषयवार एवं संस्थानवार रिक्तियों का ब्यौरा दें; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

बस सेवाएं

***4854 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या स्वारघाट से बाया बनेड़—गंभरपुल मार्ग पर हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा बस सेवाओं का सुचारु संचालन किया जा रहा है; यदि हां, तो वर्तमान में इस मार्ग पर कुल कितने रूट क्रियाशील हैं;

(ख) यह सत्य है कि उक्त मार्ग पर कई बस रूट बंद पड़े हैं; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बंद की गई; बस सेवाओं का रूटवार ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ग) क्या इस सड़क मार्ग के स्थायी सुधार हेतु धनराशि का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो कितनी धनराशि स्वीकृत है; ब्यौरा दें?

निविदाएं एवं अधूरे कार्य

***4855 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत एक वर्ष के दौरान करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न विकास कार्यों हेतु कुल कितनी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदाएं आमंत्रित की गईं; ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदाओं का ब्यौरा दें;

(ख) गत एक वर्ष पूर्व आमंत्रित निविदाओं में से कितने विकास कार्य दिनांक 01.11.2026 तक पूर्ण नहीं हुए हैं; कार्यवार ब्यौरा, कार्य आरम्भ होने की तिथि, कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि, अद्यतन स्थिति तथा संबंधित ठेकेदारों के नाम व पते सहित दें; और

(ग) इन कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण न किए जाने के क्या कारण हैं तथा संबंधित ठेकेदारों एवं अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

Roads Proposed under SCSP/SCDP

***4856 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) list of roads proposed under SCSP/SCDP in the Kasauli Assembly Constituency have not received any financial allocation so far;

(b) whether the Government proposes to examine the feasibility of funding such eligible roads, especially those connecting Scheduled Caste-dominated villages and habitations under NABARD's Rural Infrastructure Development Fund (RIDF);

(c) whether the Government will direct the concerned department to prepare DPRs and cost estimates for all pending eligible roads and forward these proposals to NABARD for consideration under the forthcoming funding tranche; and

(d) whether priority will be accorded for budgetary allocation and execution to those roads recommended under SCSP/SCDP; if so, detail thereof?

मुख्य मंत्री स्वावलंबन योजना

*4857 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विगत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक मुख्य मंत्री स्वावलंबन योजना के तहत कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितने स्वीकृत/अस्वीकृत हुए तथा कितने लंबित हैं; लंबित आवेदनों की संख्या एवं लंबित रहने के कारण तथा सरकार द्वारा इनके निपटारे हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) उक्त अवधि में कितने युवा लाभान्वित हुए तथा कितनी धनराशि अनुदान के रूप में वितरित की गई; कितनी स्वरोजगार इकाइयां स्थापित हुईं तथा कितने युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया; लाभार्थियों की संख्या का वर्षवार एवं जिलावार ब्यौरा दें;

(ग) क्या पात्र युवाओं को समयबद्ध वित्तीय सहायता एवं स्वरोजगार इकाइयों की स्थापना हेतु कोई कार्य योजना बनाई गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(घ) इस योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को स्वरोज़गार हेतु कितनी ब्याज दर पर कितना ऋण तथा इस पर कितनी सब्सिडी प्रदान की जाती है; ब्यौरा दें?

गोंधला किला

*4858 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ऐतिहासिक गोंधला किला के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए तथा इस हेतु तैयार की गई डी0पी0आर0 की तकनीकी व वित्तीय स्वीकृति हेतु क्या कार्रवाई की गई; और

(ख) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त किले के जीर्णोद्धार हेतु धनराशि का प्रावधान तथा कार्य आरंभ करने की समय-सीमा तय की गई है; यदि नहीं, तो कारण?

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा

***4859 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 21.10.2026 से 27.10.2026 तक अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में आमंत्रित अतिथियों/कलाकारों हेतु बुक किए गए होटलों की संख्या, प्रति कमरा किराया, कुल व्यय तथा भुगतान का होटलवार ब्यौरा दें;

(ख) आमंत्रित अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व प्रदेश के कलाकारों को स्वीकृत एवं भुगतान किए गए मानदेय, ठहरने व यात्रा व्यय का ब्यौरा श्रेणीवार दें;

(ग) उत्सव में शामिल देवी-देवताओं व बजंतरियों(वाद्ययंत्र वादकों) की कुल संख्या व उन्हें प्रदत्त मानदेय, निर्धारण मापदंड तथा उनके भोजन व परिवहन व्यवस्था पर कितनी धनराशि व्यय हुई;

(घ) दशहरा-2026 के आयोजन हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत करवाई गई; व्यय का मदवार ब्यौरा दें; और

(ङ) क्या व्ययों का लेखा-परीक्षण (ऑडिट) करवाया गया है तथा वर्तमान में कोई भुगतान लंबित है अथवा किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता संज्ञान में आई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

नागरिक अस्पताल नूरपुर

***4860 श्री रणवीर सिंह (निक्का) (नूरपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नागरिक अस्पताल नूरपुर में विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं अन्य चिकित्सकों के रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Batch-wise Recruitment

***4861 Sh. Sudhir Sharma (Dharamshala):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) the total number of sanctioned, filled and vacant teaching posts in the Education Department as on 01.11.2026 along with cadre-wise, subject-wise and category-wise details thereof;

(b) the number of eligible and qualified batch-wise candidates awaiting recruitment in the State and the number of vacancies proposed to be filled

through batch-wise recruitment during the current financial year upto 01.11.2026;

(c) whether it is a fact that eligible candidates who have repeatedly qualified the Teacher Eligibility Test (TET) and fulfil the prescribed qualifications are still awaiting regular Government employment; if so, batch-wise and category-wise details thereof along with the reason for delay;

(d) what steps the Government is taking to ensure batch-wise recruitment in accordance with the applicable Recruitment and Promotion Rules, approved recruitment policy, roster system and judicial directions; and

(e) whether the Government proposes to notify time-bound recruitment calendar for both batch-wise and regular Commission-based teacher recruitment; if so, the expected timeline thereof; if not, reasons therefor?

इको-टूरिज्म

***4862 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इको-टूरिज्म नीति के तहत प्रदेश में दिनांक 01.11.2026 तक कुल कितने स्थल चिह्नित एवं आबंटित किए गए;

(ख) जिला कांगड़ा में इस नीति के तहत कुल कितने स्थल किन-किन स्थानों पर आबंटित किए गए; स्थान के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ग) शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में इस नीति के तहत कुल कितने स्थानों पर कार्य प्रगति पर हैं तथा कितने स्थानों पर अभी कार्य आरम्भ होने शेष हैं; स्थानवार ब्यौरा दें?

इंटरलॉक टाइल्स

***4863 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक विकास खंड सलूणी की विभिन्न ग्राम पंचायतों में इंटरलॉक टाइल्स लगाने के कितने कार्य स्वीकृत किए गए; पंचायतवार एवं वार्डवार ब्यौरा दें; इन कार्यों हेतु कुल कितनी धनराशि आबंटित की गई; उसमें से कितनी धनराशि का भुगतान संबंधित कंपनियों/ठेकेदारों को किया जा चुका है व कितनी शेष है;

ब्यौरा दें

(ख) उक्त स्वीकृत कार्यों में उपयोग की गई इंटरलॉक टाइल्स किस कंपनी/फर्म या निर्माता से खरीदी गई हैं; क्या इन कंपनियों/फर्मों का चयन सरकारी नियमों के तहत निविदा या जैम पोर्टल के माध्यम से किया गया है; आपूर्ति करने वाली फर्मों के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ग) पंचायतों में लगाई गई इंटरलॉक टाइल्स की गुणवत्ता जांचने हेतु क्या मापदंड अपनाए गए; क्या इन कार्यों में घटिया सामग्री के उपयोग या गुणवत्ता से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं; यदि हां, तो उन पर क्या कार्रवाई की गई?

पी0डी0एन0ए0

*4864 **श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण मंडल में पी0डी0एन0ए0 के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा आदेश संख्या एवं तिथि सहित दें;

(ख) इस योजना के तहत दिनांक 01.11.2026 तक कार्यवार स्वीकृत, व्यय व शेष धनराशि तथा अन्य कार्य में धनराशि के वितरण का सड़कवार ब्यौरा दें;

(ग) उपरोक्त कार्यों में से कितने कार्य ऑनलाइन व ऑफलाइन टेंडर द्वारा आबंटित किए गए; ब्यौरा दें;

(घ) प्रत्येक कार्य का ब्यौरा आबंटन तिथि, ठेकेदार के नाम, निविदा धनराशि व स्वीकृत धनराशि तथा प्रत्येक कार्य की अद्यतन स्थिति सहित दें; और

(ङ) दिनांक 01.11.2026 तक सरकाघाट लोक निर्माण मंडल में श्रेणीवार स्वीकृत, कार्यरत व रिक्त पदों का ब्यौरा दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

लॉटरी योजना

*4865 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश सरकार द्वारा लॉटरी शुरू किए जाने संबंधी प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति क्या है तथा 'हिमाचल प्रदेश राज्य लॉटरी (विनियमन) नियम, 2026' अधिसूचित करने के उपरांत इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई;

(ख) क्या लॉटरी संचालन (कागजी एवं ऑनलाइन) हेतु सोल सेलिंग एजेंट के चयन के

लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई है; यदि हां, तो वर्तमान में निविदा प्रक्रिया किस स्तर पर है तथा इस हेतु कितनी कंपनियों/फर्मों द्वारा निविदाएं प्रस्तुत की गईं; ब्यौरा दें; और

(ग) प्रस्तावित लॉटरी योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार को कितनी अनुमानित वार्षिक आय (लाइसेंस फीस व रेवेन्यू शेयर) प्राप्त होने की संभावना है तथा उक्त आय की गणना किन आधारों पर की गई है; ब्यौरा दें?

कंप्यूटर शिक्षक

***4866 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश राज्य चयन बोर्ड द्वारा पोस्ट कोड 311 तथा 26032 के अंतर्गत विज्ञापित कंप्यूटर शिक्षकों के पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएं क्या-क्या हैं; ब्यौरा दें;

(ख) क्या उक्त दोनों पदों की शैक्षणिक योग्यताएं समान हैं; यदि हां, तो क्या सरकार पोस्ट कोड 26032 के तहत नियुक्त कंप्यूटर शिक्षकों को नियमितीकरण का लाभ देने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) प्रदेश के सी0बी0एस0ई0 तथा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सरकारी विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षकों के कितने पद सृजित एवं रिक्त हैं; और

(घ) पोस्ट कोड 26032 के अंतर्गत नियुक्त कंप्यूटर शिक्षकों का नियुक्ति तिथि सहित विद्यालयवार ब्यौरा दें?

ठेकेदारों की देनदारियां

***4867 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सभी मंडलों में ठेकेदारों की कुल कितनी धनराशि देनदारी के रूप में बकाया है; बकाया देनदारियों का ब्यौरा मंडलवार व बकाया धनराशि तथा संबंधित ठेकेदारों के नाम व पते सहित दें?

पंचायतों का विलय

***4868 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पंचरुखी विकास खण्ड की 14 पंचायतों को स्थायी तौर पर बैजनाथ विकास खण्ड में सम्मिलित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

रिक्त पद

***4869 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य उप-केंद्रों में पुरुष एवं महिला स्वास्थ्य कर्मियों के कितने पद स्वीकृत, कितने भरे व कब से रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; स्वास्थ्य उप-केंद्रवार ब्यौरा दें?

पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना

***4870 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जिला चम्बा को पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना के तहत कितनी धनराशि आबंटित की गई; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बी0ए0एस0पी0 के तहत कितने स्वीकृत विकासात्मक कार्य धनराशि के अभाव में अधूरे पड़े हैं; कार्यवार ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र हेतु उपरोक्त योजना के तहत धनराशि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

फायर एन0ओ0सी0

***4871 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नालागढ़ में होटल/रेस्टोरेंट संचालकों को अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण-पत्र (फायर एन0ओ0सी0) प्राप्त करने के लिए निर्धारित समय-सीमा से अधिक इंतजार करना पड़ रहा है; यदि हां, तो कारण;

(ख) क्या फायर एन0ओ0सी0 हेतु आवेदन के बाद विभागीय निरीक्षण एवं एन0ओ0सी0 जारी करने की अनिवार्य समय-सीमा निर्धारित है; यदि हां, तो सरकार क्या लंबित मामलों की अधिकारीवार समीक्षा कर विलंब के लिए उत्तरदायित्व तय करेगी; और

(ग) क्या सरकार पात्र कारोबारियों को समयबद्ध रूप से फायर एन0ओ0सी0 जारी करने तथा लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे हेतु नालागढ़ में विशेष अभियान चलाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

सराहन–हरिपुर सड़क मार्ग

***4872 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पी0डी0एन0ए0 के तहत सराहन–हरिपुर सड़क हेतु दिनांक 01.11.2026 तक कुल कितनी निविदाएं आमंत्रित की गईं; इस सड़क हेतु दिनांक 01.11.2026 तक कुल कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई;

(ख) उपरोक्त सड़क के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) क्या कोई कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हुआ है; यदि हां, तो कारण तथा उसे पूर्ण करने हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

भवन निर्माण

***4873 श्री विनोद सुल्तानपुरी (कसौली):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आयुष विभाग के तहत कितने भवनों का निर्माण कार्य अधूरा है; प्रत्येक भवन के स्थान, स्वीकृत लागत, अब तक व्यय धनराशि

एवं कार्य आरंभ होने की तिथि का भवनवार ब्यौरा दें;

(ख) उक्त निर्माण कार्य अधूरे रहने के क्या कारण हैं तथा प्रत्येक भवन की अद्यतन स्थिति व उसे पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है;

(ग) शेष निर्माण कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं हेतु भवनवार कितनी धनराशि स्वीकृत एवं जारी की गई तथा इस क्षेत्र के वर्तमान आयुष भवनों की मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि कब-कब व कितनी-कितनी आबंटित की गई; यदि नहीं, तो कारण; और

(घ) क्या सरकार सभी लंबित निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का विचार रखती है?

लुहरी चरण-1

***4874 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि लुहरी चरण-1 के प्रभावित परिवारों हेतु आर0 एण्ड आर0 तथा ए0डी0एम0 कुल्लू द्वारा स्वीकृत रोजगार योजना लंबित है तथा एल0ए0आर0आर0 अधिनियम, 2013 के तहत राज्य निगरानी समिति निष्क्रिय है; यदि हां, तो नीरथ में अवैध भूमि हस्तांतरण, धारा-118 के उल्लंघन तथा सब-स्टेशन की भूमि के संबंध में क्या जांच एवं कार्रवाई की गई है;

(ख) क्या रामपुर परियोजना के अंतर्गत डी0ए0वी0 स्कूल दत्तनगर में आर0टी0ई0 अधिनियम एवं प्रभावित परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के प्रावधानों का उल्लंघन कर बिना अनुमति भूमि लीज़ पर दी गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; बायल अस्पताल में स्वीकृत एवं रिक्त पदों तथा स्वास्थ्य सेवाओं(24x7) का ब्यौरा दें; और

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक लुहरी एवं रामपुर परियोजनाओं द्वारा तहसील निरमंड में लाडा, सी0एस0आर0, सी0ई0आर0 एवं आर0 एण्ड आर0 के तहत पंचायतवार स्वीकृत, आबंटित एवं व्यय धनराशि का वर्षवार ब्यौरा दें तथा निधि असमान वितरण की जांच हेतु क्या उच्च-स्तरीय समिति गठित की जाएगी?

जल जीवन मिशन

***4875 श्री रणवीर सिंह (निक्का) (नूरपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक नूरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन में स्वीकृत पेयजल योजनाओं एवं निर्मित जल भंडारण टैंकों का पंचायतवार एवं गांववार ब्यौरा दें;

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक इस मिशन के तहत कुल कितनी योजनाएं स्वीकृत की गईं व कितनी पूर्ण हुईं; ब्यौरा दें;

(ग) इस अवधि में कितने जल भंडारण टैंक पूर्ण कर कार्यशील/चालू कर दिए गए हैं तथा कितने कार्यशील/चालू नहीं हुए हैं;

(घ) प्रत्येक योजना एवं टैंक की निर्माण लागत तथा अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ङ) अपूर्ण अथवा कार्यशील न हो पाए टैंकों के लंबित रहने के क्या कारण हैं तथा उन्हें कार्यशील करने की संभावित समय-सीमा क्या है; ब्यौरा दें?

सी0बी0एस0ई0 शिक्षक भर्ती

***4876 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश सरकार द्वारा राज्य चयन आयोग को अस्थायी शिक्षकों की भर्तियों से संबंधित भेजे गए मांग-पत्रों तथा संबंधित दस्तावेजों का ब्यौरा दें;

(ख) सी0बी0एस0ई0 से संबद्ध स्कूलों में नई भर्तियां क्या अस्थायी आधार पर की जाएंगी; यदि हां, तो कारण तथा क्या इन पदों पर चयनित होने वाले कर्मियों के लिए नियमितीकरण का प्रावधान होगा;

(ग) सी0बी0एस0ई0 से संबद्ध हो चुके अथवा होने वाले सरकारी विद्यालयों में सृजित नए पदों से संबंधित दस्तावेजों की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(घ) क्या उक्त पद भर दिए गए हैं; यदि नहीं, तो रिक्त पदों का ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***4877 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बरनेट-घेरा-करेरी धौलाधार एक्सप्रैस सड़क मार्ग हेतु प्रदेश सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; और

(ख) बरनेट-घेरा-बौंठू-खड़ी बही-अप्पर खड़ी बही-करेरी-नौहली-चानोघाट-कुठारना सल्ली सड़क के निर्माण की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें?

नियमों की अनुपालना

***4878 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डलहौजी, पब्लिक स्कूल डलहौजी, हिलटॉप स्कूल तथा गुरु नानक पब्लिक स्कूल द्वारा फीस विनियमन, स्थानीय विद्यार्थियों के दाखिले हेतु निर्धारित कोटा तथा खेल एवं सुरक्षा मानकों सहित सरकार एवं शिक्षा बोर्ड के नियमों का पूर्ण पालन किया जा रहा है; ब्यौरा दें;

(ख) उक्त संस्थानों के अधीन भूमि का स्वामित्व किसके पास है, कितनी भूमि लीज पर है तथा क्या सरकारी/वन भूमि पर अतिक्रमण अथवा उल्लंघन का कोई मामला है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; सरकार क्या इन संस्थानों की भूमि एवं संपत्तियों की जांच करवाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण; उपर्युक्त विद्यालयों के लीज एग्रीमेंट, मान्यता शर्तें एवं भूमि रिकॉर्ड का ब्यौरा दें;

(ग) क्या इन निजी विद्यालयों द्वारा अत्यधिक फीस, विभिन्न शुल्कों एवं परिवहन शुल्क के नाम पर अभिभावकों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ डाला जा रहा है; यदि हां, तो सरकार को क्या इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है तथा उस पर क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) क्या इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन अधिनियम, ई0पी0एफ0 तथा अन्य श्रम कानूनों के अंतर्गत समुचित लाभ प्राप्त हो रहे हैं; यदि नहीं, तो क्या कार्रवाई की गई?

भद्रोता पॉलिटेक्निक संस्थान

***4879 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार डिनोटिफाइड भद्रोता पॉलिटेक्निक संस्थान को पुनः बहाल करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक;

(ख) इस संस्थान हेतु स्थानीय लोगों द्वारा कितनी भूमि दान की गई थी; भूमि के कुल क्षेत्रफल का ब्यौरा दान करने वाले व्यक्तियों के नाम व पते एवं संबंधित गांव/मोहाल सहित दें; और

(ग) क्या उक्त भूमि वर्तमान में संस्थान अथवा सरकार के नाम दर्ज है; यदि हां, तो भूमि का वर्तमान राजस्व अभिलेखों के अनुसार ब्यौरा दें?

पेयजल योजना

***4880 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सर्दियों में पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो पाती है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; वर्तमान में इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बाधित है; और

(ख) शहरी क्षेत्रों में पेयजल शुल्क ₹ 100 प्रतिमाह से बढ़ाकर न्यूनतम ₹ 441 प्रतिमाह किए जाने के बावजूद नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित न होने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

14 नवम्बर, 2026. **सचिव**